प्रेषक,

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी
उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या: एन.आर.एच.एम. / एम.आई.एस. / एच0एम0आई0एस0 / 2013–14 / 3435-75 दिनांक: 21/10/13

विषय: राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वर्ष 2013–14 हेतु हेल्थ मैनेजमेन्ट इन्फारमेशन सिस्टम(एच0एम0आई0एस0)के सुचारु कियान्वयन हेतु दिशा–निर्देश।

महोदय,

आप अवगत हैं कि जनपदों में जिला प्रबन्धन इकाईयां कियाशील हैं तथा इन इकाइयों पर हेल्थ मैनेजमेन्ट इन्फारमेशन सिस्टम(एच0एम0आई0एस0) के लिए जनपद स्तर के संविदा कर्मी कार्यरत हैं।

आप अवगत ही हैं कि आपके स्तर से फैसिलिटिवार डाटा रिपोर्टिंग भारत सरकार को एच0एम0आई0एस0 ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाओं को एकत्रित करना है जिससे कि आगे विश्लेषण किया जा सके। अतः इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु निम्न दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें–

जिला स्तरीय एच0एम0आई0एस0 कम्प्यूटर आपरेटर के कार्य दायित्व एवं भूमिका :

- एच0एम0आई0एस0 आपरेटर सी0एम0ओ0 के अधीन रहते हुए डी0पी0एम0यू0 कार्यालय में कार्य करेंगे।
- एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर स्टाक इन्ट्री डाटा को समय से(प्रत्येक माह की 5 तारीख तक) भरना सुनिश्चित करेंगे।
- ब्लाक अधिकारियों / कर्मचारियों से फैसिलिटिवार (डीएच, सीएचसी, पीएचसी एवं उपकेन्द्र)डाटा भरवाने के लिए टेलीफोन द्वारा फालोअप करना सुनिश्चित करें जब तक फैसिलिटिवार डेटा पूर्णतः भर न जाये।
- आवश्यक रिपोर्टो को पोर्टल से निकालना तथा सहायक शोध अधिकारी से डाटा की गुणवत्ता की जांच करवाना।
- उपरोक्त बिंदु में सहायक शोध अधिकारी द्वारा जो भी त्रुटियां पायी जाएंगी उन्हें पोर्टल पर संशोधित करने का कार्य करना होगा।
- एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर डाटा फार्वर्ड(प्रत्येक माह की 15 तारीख तक) करना।
- एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर डाटा फार्वर्ड करने के उपरान्त डाटा कम्पाईल(प्रत्येक माह की 15 तारीख तक) करना।
- एच0एम0आई0एस0 मास्टर संबन्धित संशोधन की जानकारी मास्टर शीट पर उपलब्ध कराना।
- एस0पी0एम0यू0–एन0आर0एच0एम0 से निर्गत किये गये एच0आई0एम0एस0 संबन्धित निर्देशों का अनुपालन करना।
- एच0एम0आई0एस0 पोर्टल / फार्मेट / तकनीकी समस्या संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी एवं निवारण के लिए एम०आई०एस० सेल–एस०पी०एम०यू, लखनऊ, से टेलीफोन एवं ई–मेल द्वारा सम्पर्क करें।

ब्लाक स्तर पर एम0सी0टी0एस0 आपरेटर/बी0डी0ए0ए0 की एच0एम0आई0एस0 में कार्य दायित्व एवं भूमिकाः

- एम0सी0टी0एस0 आपरेटर/बी0डी0ए0ए0 पोर्टल पर फैसिलिटिवार(सीएचसी, पीएचसी एवं उपकेन्द्र) डाटा को समय से (प्रत्येक माह की 5 तारीख तक) भरना सुनिश्चित करेंगे। डेटा भरे जाने का उत्तरदायित्व एम0सी0टी0एस0 आपरेटर एवं बी0डी0ए0ए0 दोनो का समान रूप से होगा। वे आपसी तालमेल के आधार पर यह सुनिश्चित करेंगे कि समय से फैसिलिटीवार डेटा पोर्टल पर उपलब्ध हो।
- फैसिलिटिवार (सीएचसी, पीएचसी एवं उपकेन्द्र)डाटा भरवाने के लिए ए0एन0एम0 से फालोअप करना।
- आवश्यक रिपोर्टों को पोर्टल से निकालना तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी से डाटा की गुणवत्ता की जाँच करवाना।
- उपरोक्त बिंदु में प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा जो भी त्रुटियां पायी जाएंगी उन्हें पोर्टल पर संशोधित करने का कार्य करना होगा।
- जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई से निर्गत किये गये एच0आई0एम0एस0 संबन्धित निर्देशों का अनुपालन करना।
- एच0एम0आई0एस0 पोर्टल/फार्मेट/तकनीकी समस्या संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी एवं निवारण के लिए डी0पी0एम0यू0 अथवा एम०आई०एस० सेल–एस०पी०एम०यू, लखनऊ, से टेलीफोन एवं ई–मेल द्वारा सम्पर्क करें।

भवदीय

11/10

(अमित कुमार घोष)
मिशन निदेशक

पत्रसंख्याः एन.आर.एच.एम./एम.आई.एस./एच0एम0आई0एस0/2013–14/ **तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1- समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, एन.आर.एच.एम., उ.प्र.।
3- समस्त जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, एन.आर.एच.एम., उ.प्र.।

(अमित कुमार घोष)
मिशन निदेशक